# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–30 मई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कानपुर दौरे पर पहुंचे। वहां उन्होंने सैंतालिस हजार पांच सौ तिहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की पंद्रह मेगा विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही चुन्नीगंज और नयागंज के बीच कानपुर मेट्रो के नए कॉरिडोर को भी हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने बेटियों के गुस्से और दर्द को देखा और भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

***हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने घर में घुस कर सैकड़ों मिल अंदर जाकर तबाह कर दिये। और हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुश्मन को किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। पाकिस्तान के सरकारी और गैर–सरकारी तत्व अब अपना खेल नहीं खेल पाएंगे और दुश्मन से निर्णायक तरीके से निपटा जाएगा।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। इससे पहले कानपुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर पहलगाम हमले में मारे गये शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि आतंक के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित संपूर्ण राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन गुरुबचन सिंह सलारिया को याद कर रहे हैं।

**1935 में पंजाब के गुरदासपुर में जन्मे कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया 1957 में एक गोरखा राइफल्स में भर्ती हुए। कैप्टन सलारिया ने कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की भारतीय टुकड़ी के साथ दिसंबर 1961 में एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन के दौरान असाधारण बहादुरी का परिचय दिया। कांगो से बेल्जियम के लौट जाने के बाद से वहां गृह युद्ध छिड़ गया था और व्यवस्था बहाल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने हस्तक्षेप किया। 5 दिसंबर को कैप्टन सलारिया ने एक पलटन का नेतृत्व करते हुए एलिजाबेथ विले एयरफील्ड के निकट स्थिति को सुदृढ किया जहां कटंगी सैनिकों ने दो बख्तर बंद कारों और लगभग 90 सैनिकों द्वारा एक मजबूत नाकाबंदी स्थापित की थी। कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया और उनके साथियों ने संगिनों, खुकरी, हथ गोले और रॉकेट लांचर के साथ हमला करते हुए दुश्मन के 40 लोगों को मार गिराया। दुश्मन की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कैप्टन सलारिया अंत तक लड़ते रहे। उनकी निर्णायक कार्रवाई ने एलिजाबेथ विले में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की घेराबंदी को रोका। कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया को उनके अदम्य साहस और नेतृत्व के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने आज अयोध्या के रूदौली विधानसभा क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे एक पम्पिंग स्टेशन का शिलान्यास किया। सोलह करोड़ इक्यानबे लाख रूपये की लागत से बनाये जा रहे इस पम्पिंग स्टेशन का शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जल शक्ति मंत्री ने कहा कि इससे पचासी सौ हेक्टेयर भूमि संरक्षित होगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में बनने वाला पम्पिंग हाउस प्रदेश का दूसरा पम्पिंग हाउस है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने आज निर्देश दिया है कि पंद्रह जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट–पीजी दो पालियों के स्थान पर अब एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक ही पाली में परीक्षा कराने की व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित किया जाए कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

**********

जौनपुर जिले के बक्सा थानाक्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग सात सौ इकतीस पर लखउवा के पास आज सुबह एक प्राइवेट बस पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब बदलापुर से जौनपुर जाते समय यह बस डिवाइडर से टकरा गई। घायलों का समुचित इलाज कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जौनपुर सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं।

**********